**फा. सं. AV.20015/001/2004-AAI**

**भारत सरकार**

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय**

**"बी" ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,**
**सफदरजंग हवाई अड्डा,**
**नई दिल्ली, दिनांक 25 जून, 2008**

**सेवा में,**
मुख्य सचिव,
कर्नाटक सरकार,
विधान सौधा,
बेंगलुरु।

**विषय**: कर्नाटक के गुलबर्गा, शिमोगा, बीजापुर एवं हासन में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण।

**महोदय**,

मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों संबंधी संचालन समिति ने 13 जून, 2008 को आयोजित अपनी बैठक में कर्नाटक सरकार द्वारा गुलबर्गा, बीजापुर, हासन तथा शिमोगा में हवाई अड्डों की स्थापना के प्रस्तावों पर विचार किया तथा इन चारों परियोजनाओं को इस शर्त के अधीन "सैद्धांतिक" स्वीकृति प्रदान की कि गुलबर्गा एवं बीजापुर हवाई अड्डों के लिए, पुणे एवं बीदर में विद्यमान रक्षा परिचालनों को ध्यान में रखते हुए, हवाई क्षेत्र प्रबंधन के संबंध में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा रक्षा मंत्रालय के बीच मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अंतिम रूप दिया जाएगा। परियोजना प्राधिकरण हवाई अड्डा अनुज्ञप्ति (Aerodrome Licence) जारी किए जाने हेतु डीजीसीए से संपर्क कर सकते हैं।

**भवदीय**,
(अन्ना रॉय)
निदेशक
दूरभाष: 24658991

**प्रतिलिपि**:
उप महानिदेशक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, सफदरजंग हवाई अड्डे के समक्ष, नई दिल्ली।